# कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर (चमोली)

दिनांक 13.07.2026

## प्रवेश हेतु काउंसलिंग सूचना

महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में बी0ए0 / बी0एस–सी0 (गणित तथा विज्ञान वर्ग) / बी0काम0 एवं बी0बी0ए0 के लिए स्नातक (प्रथम सेमेस्टर) हेतु प्रवेश के इच्छुक जिन्होंने समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाईन आवेदन किया गया है, को सूचित किया जाता है कि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु काउंसलिंग सूची महाविद्यालय सूचना पट्ट पर चस्पा करने के साथ ही महाविद्यालय वेबसाईट / फेसबुक पेज पर अपलोड कर दी गई है। काउंसलिंग सूची में नामित अभ्यर्थियों की कांउसलिंग तथा प्रवेश संबंधी समस्त प्रमाण–पत्रों एवं अभिलेखों की जांच प्रक्रिया दिनांक 14 जुलाई 2026 से 20 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक महाविद्यालय में सम्पन्न की जायेगी।

अतः समस्त अभ्यर्थी प्रवेश हेतु काउंसलिंग तथा समस्त अभिलेखों के प्रमाण–पत्रों की जांच हेतु प्रातः 11.00 बजे अनिवार्य रूप से निम्न कक्षों में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

| क्र0सं0 | प्रोग्राम का नाम | कक्ष संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बी0ए0 | मीटिंग हॉल |
| 2 | बी0 एस–सी0 (गणित वर्ग) | भौतिक विज्ञान विभाग |
| 3 | बी0 एस–सी0 (बायो वर्ग) | वनस्पति विज्ञान विभाग |
| 4 | बी0काम0 | वाणिज्य विभाग |
| 5 | बी0बी0ए0 | वाणिज्य विभाग |

काउंसलिंग के समय अभ्यर्थी निम्नलिखित दस्तावेजों की सत्यापित / स्वप्रमाणित प्रति एवं समस्त प्रमाण–पत्र / अभिलेखों की मूल प्रति सहित आवश्यक रूप से साथ लेकर आयें। शैक्षणिक (इण्टरमीडिएट) मूल प्रति न होने पर अभ्यर्थी को प्रवेश समिति के पास घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

1. अभ्यर्थी द्वारा समर्थ पोर्टल पर ऑनलाईन भरा गया आवेदन–पत्र की हार्ड कॉपी।
2. हाईस्कूल की अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र।
3. इण्टरमीडिएट की अंकतालिका एवं प्रमाण–पत्र। (उपलब्ध होने पर)
4. अंतिम शिक्षण संस्थान द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र।
5. अन्तराल वर्ष (गैप ईयर) शपथ–पत्र तथा दो चरित्र प्रमाण–पत्र (राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त जो 06 माह से अधिक पुराना न हो।
6. स्थाई निवास प्रमाण–पत्र।
7. एन0एस0एस0 / एन0सी0सी0 / स्काउट एण्ड गाइड का A, B तथा C अधिमानी संबंधी प्रमाण–पत्र।
8. राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभागिता / विजयी होने संबंधी प्रमाण–पत्र जिस हेतु अभ्यर्थी अधिमानी अर्हता / अधिभार अंक के लिए दावा करता हो।
9. भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित संबंधी प्रमाण–पत्र।
10. दिव्यांग (PH), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) का दावा करने संबंधी प्रमाण–पत्र।

11. उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति (SC), उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति (ST), उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) तथा उत्तराखण्ड महिला श्रेणी (UW) में आरक्षण का दावा करने संबंधी वैध प्रमाण–पत्र।
12. अन्य कोई आरक्षण श्रेणी प्रमाण–पत्र/अधिमानी अर्हता संबंधी प्रमाण–पत्र जिसके लिए अभ्यर्थी द्वारा दावा करा हो किन्तु वह उत्तराखण्ड सरकार तथा विश्वविद्यालय द्वारा पात्र श्रेणी में आता हो।
13. तीन नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो।
14. आधार कार्ड की छायाप्रति।
15. एंटी रैगिंग शपथ–पत्र। (www,antiragging.in)
16. एंटी ड्रग शपथ–पत्र। (https://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse/)
17. महाविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रारूप 'क' (छात्र द्वारा शपथ–पत्र) व प्रारूप 'ख' पिता एवं अभिभावक की घोषणा।

नोट :

- काउंसलिंग के समय अभ्यर्थी का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।
- अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन भरा गया विवरण एवं अभिलेखों को ही अंतिम समझा जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी ऐसा प्रमाण–पत्र/अभिलेख काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करता है जो ऑनलाईन आवेदन–पत्र के साथ अपलोड नहीं किया गया है तो अभ्यर्थी का ऐसा दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
- काउंसलिंग समय अभ्यर्थी के आवेदन–पत्र तथा समस्त प्रमाण–पत्रों तथा अन्य अभिलेखों की जांच में भिन्नता पाए जाने पर जैसे कि अभ्यर्थी द्वारा आनलाईन पोर्टल में दावा किया गया है अथवा भरा गया है तो ऐसी स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी की प्रवेश संबंधी उम्मीदवारी निरस्त किये जाने के समस्त अधिकार महाविद्यालय प्राचार्य के पास सुरक्षित होंगे।
- समस्त अधिमानी प्रमाण–पत्र प्रवेश आवेदन–पत्र 03 वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके हैं तथा प्रमाण–पत्र नवीनीकरण हेतु आवेदन किया हो वह काउंसलिंग साक्षात्कार के समय अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण–पत्र अपने तहसील से निर्मित नवीनीकरण रसीद आवश्यक रूप से साथ लेकर आयें।
- काउंसलिंग के उपरान्त महाविद्यालय में प्रत्येक विषय में विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों के आधार पर ही अंतिम प्रवेश दिया जायेगा।

13.7.26
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोपेश्वर, चमोली